**विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु श्री राम चन्द्र प्रधान, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–13 का उत्तरः–**

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th></th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>13(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद–उन्नाव के ग्राम पंचायत–डीह, विकासखण्ड– बिछिया में संचालित जूनियर हाईस्कूल के उच्चीकरण हेतु अधोहस्ताक्षरी का पत्र सं0 353 दिनाँक 19.10.2022 प्राप्त हुआ है?</td><td></td><td>जी हाँ।</td></tr>
<tr><td>(ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र में अभी तक क्या कार्यवाही की गयी है?</td><td></td><td>मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा दिनांक 19 अक्टूबर, 2022 द्वारा ग्राम पंचायत डीह, विकासखण्ड बिछिया, जनपद–उन्नाव के ग्राम प्रतिनिधि ने उक्त ग्राम पंचायत में संचालित जूनियर हाईस्कूल का उच्चीकरण राजकीय इण्टर कालेज के रूप में किये जाने का आग्रह किया है। वर्तमान में नजदीक इण्टर कालेज न होने के कारण बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु अत्यधिक दूर जाना पड़ता है जबकि विद्यालय परिसर में इण्टर कालेज के मानक के अनुरूप भूमि उपलब्ध है।<br>उक्त पत्र के क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक, उन्नाव द्वारा प्राप्त आख्यानुसार ग्राम पंचायत डीह, विकासखण्ड बिछिया के निकटतम विद्यालयों की स्थिति निम्नवत् हैः–
<table>
<tr><th>क्र0सं0</th><th>विद्यालय का नाम</th><th>दूरी</th><th>विद्यालय का प्रकार</th></tr>
<tr><td>1</td><td>राजकीय हाईस्कूल बिछिया,उन्नाव</td><td>15 किमी0</td><td>राजकीय</td></tr>
<tr><td>2</td><td>शिवजी इण्टर कालेज, बन्थर, उन्नव</td><td>6 किमी0</td><td>अशासकीय</td></tr>
<tr><td>3</td><td>जे0पी0एस0 इण्टर कालेज, उन्नाव</td><td>6 किमी0</td><td>वित्तविहीन</td></tr>
<tr><td>4</td><td>मैचलेस विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, गदन खेड़ा, उन्नाव</td><td>5 किमी0</td><td>वित्तविहीन</td></tr>
<tr><td>5</td><td>एम0पी0जे0डी0 हाईस्कूल गदनखेडा, उन्नाव</td><td>5 किमी0</td><td>वित्तविहीन</td></tr>
<tr><td>6</td><td>रा0बा0इ0 कालेज अचलगंज, उन्नाव</td><td>10 किमी0</td><td>राजकीय</td></tr>
<tr><td>7</td><td>रा0बा0इ0 कालेज मोतीनगर, उन्नाव</td><td>8 किमी0</td><td>राजकीय</td></tr>
<tr><td>8</td><td>रा0बा0इ0 कालेज सिविल लाइन, उन्नाव</td><td>8 किमी0</td><td>राजकीय</td></tr>
<tr><td>9</td><td>डी0बी0डी0टी0 इण्टर कालेज, उन्नाव</td><td>7 किमी0</td><td>अशासकीय</td></tr>
<tr><td>10</td><td>अटल बिहारी इण्टर कालेज, उन्नाव</td><td>7किमी0</td><td>अशासकीय</td></tr>
</table>
तद्नुसार जनपद उन्नाव के ग्राम पंचायत-डीह, विकासखण्ड बिछिया, में संचालित जूनियर हाईस्कूल केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित किए गए दिशा-निर्देशो के मानक के अनुसार संतृप्त है।</td></tr>
<tr><td>(ग) यदि कार्यवाही नहीं की गयी है तो कब तक कर दी जायेगी?</td><td></td><td>प्रश्न नहीं उठता।</td></tr>
<tr><td>(घ) यदि नहीं, तो क्यों?</td><td></td><td>प्रश्न नहीं उठता।</td></tr>
</table>

गुलाब देवी
मंत्री